–प्रेस नोट–
जनपद मुजफ्फरनगर
दिनांक 10.04.2024

➢ **<u>थाना फुगाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 10.04.2024 को थाना फुगाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त सूरज उर्फ छोटू पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हबीबपुर सीकरी थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर को दौराने चैकिंग सीकरी भट्टे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना फुगाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 21/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री रमेशचन्द शर्मा द्वारा की जा रही है।

➢ **<u>थाना जानसठ पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 10.04.2024 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री सत्यवीर सिंह मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्त हर्ष सैनी पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम कवाल थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर को दौराने चैकिंग पिमौडा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 81/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पंजीकृत अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्री मोहित कुमार तेवतिया द्वारा की जा रही है।

➢ **<u>थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 09.04.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री रामसेवक भारती मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 10/2024 धारा 323,354,354घ,504,506 भादवि में वांछित अभियुक्त शाकिर पुत्र तराबुद्दीन निवासी मौ0 सद्दीकनगर थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को बुढाना मोड की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

➢ **<u>थाना मीरापुर पुलिस द्वारा हत्या कर आपराधिक षडयंत्र से दुर्घटना का रूप दने वाले अभियोग का सफल अनावरण, 03 अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 10.04.2024 को थाना मीरापुर पर नियुक्त प्र0नि0 श्री दिनेश चन्द मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 61/2024 धारा 302,201,120बी भादवि का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. मनोज उर्फ मोनू(फौजी), 2. अजब सिंह पुत्र मंगलू व 3. बाबूराम पुत्र मंगलू निवासीगण ग्राम कासमपुर खोला थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को कासमपुर खोला ककरौली रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशादेही से आलाकत्ल 01 कपडे धोने की थपकी(घटना में प्रयुक्त), खून से लगे गद्दे व बैडसीट व दुप्पटे की जली हुई राख बरामद की गयी।

➢ **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड, 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 10.04.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त प्र0नि0 श्री बृजेश कुमार शर्मा मय हमराहीगण द्वारा अभियुक्तगण 1. अब्दुल जब्बार पुत्र वहीद निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर व 2. आसिफ पुत्र नईमुद्दीन निवासी तहसील रोड तकीयाकैद थाना सरधना जनपद मेरठ को ग्राम काकडा से पहले ग्राम रसूलपुर गेट के सामने मुर्गा फार्म के पास बन्द पडी फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 02 मसकट 315 बोर बने हुए, 02 मसकट 12 बोर बने हुए, 07 तमंचे 315 बोर बने हुए, 01 तमंचा 12 बोर बना हुआ, 08 तमंचे अधबने बाडी व बट, 24 अधबने तमंचे 315 बोर, 02 अधबने तमंचे 12 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 12 बोर व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 117/24 धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना छपार पुलिस की बदमाशों से हुई पुलिस मुठभेड के दौरान 01 शातिर लुटेरा अभियुक्त घायल सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 10.04.2024 को थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री रोहित कुमार मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड अभियुक्तगण 1. मोनू उर्फ सोनू पुत्र गुलबहार निवासी भूना जनपद फतेहावाद हरियाणा(घायल), 2. अजय पुत्र मदन लाल उर्फ लालदीन व 3. लाखन पुत्र चिमन लाल निवासीगण संजय कालोनी भाटी माइन्स थाना महरौली, साउथ दिल्ली को ग्राम कुतुबपुर के जंगल से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 स्वीफ्ट कार नम्बर यूपी 14 एचटी 1739(सम्बन्धित मु0अ0सं0 163/2024 धारा 392 भादवि थाना बहादराबाद जनपद हरिद्वार), 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर व 01 चाकू नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 90/2024 धारा 307,34,411 भादवि व 3/4/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।